CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

10-5

ताल विधान

पं. सत्यनारायण वशिष्ठ

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

* भारतवर्ष के सर्व श्रेष्ठ तबला वादनाचार्य *

पूज्य गुरूजी
श्री सामत्ताप्रसाद जी (गुदई महाराज)
कबीरचौरा (बनारस)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

K C Gangode

विषयानुक्रमणिका

क्रमाङ्क विषय			पृष्ठ संख्या
१–भूमिका (ले० पं० विनयचन्द मौद्गल्य)			अ–ब–स–द
२–तबले के अंग			१
३–तबले के शब्द और उनका निकालना			४
४–तबले के पारिभाषिक शब्द और उनका परिचय			७
५–ताल के दस स्वम्भ			२२
६–हस्त साधन और अभ्यास की विधि			२८
७–शब्दों की रचना			३०
८–तबले के घराने और घरानेदार			३२
९–तीन ताल (अल्प परिचय)			४२
प्रकार तीन ताल	....	....	४३
तीन ताल पेशकार	....	....	४५
पेशकार नं० २	....	....	४८
गत कायदा नं० १	....	....	५१
कायदा रेला नं० २	....	....	५३
कायदा नं० ३	....	....	५६
कायदा नं० ४	....	....	५९
कायदा नं० ५	....	....	६२
गत कायदा नं० ६	....	....	६५

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गतें	....	....	६६
टुकड़े और मुखड़े	....	....	७२
तीन ताल में तिहाई अथवा मुहरे	....	....	७५
फ़रमायशी परणें	....	....	७८
परणें चक्राकार	....	....	८३
परणें चक्राकार प्रत्येक मात्रा से उठना		....	८६
१०–झपताल (अल्प परिचय)			९९
प्रकार	....	....	१००
पेशकार	....	....	१०१
पेशकार नं० २	....	....	१०३
गत क़ायदा नं० १	....	....	१०६
क़ायदा रेला नं० २	....	....	१०८
क़ायदा रेला नं० ३	....	....	११०
क़ायदा लय आड़ी नं० ४	....	....	११२
क़ायदा लय आड़ी नं० ५	....	....	११३
तोड़ा चक्राकार	....	....	११६
क़ायदा नं० ६	....	....	११७
क़ायदा नं० ७	....	....	११९
टुकड़े मुखड़े, तिहाइयाँ	....	....	१२१
झपताल में फरमायशी परणें	....	....	१२४
परणें चक्राकार	....	....	१२६
परणें चक्राकार प्रत्येक मात्रा से	....	....	१२९

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

११-आड़ा चार ताल (अल्प परिचय) १३५
आड़ा चार ताल में पेशकार १३६
पेशकार पूरब १३८
क़ायदा गत नं० १ .... १४०
रेला क़ायदा नं० २ .... १४३
क़ायदा नं० ३ .... १४५
क़ायदा नं० ४ .... १४७
टुकड़े और तिहाइयाँ १४६
फ़रमायशी परणें १५२
परणें चक्राकार १५५
१२-एक ताल (अल्प परिचय) १५८
पेशकार १५८
गत क़ायदा नं० १ .... १६०
क़ायदा नं० २ .... १६३
क़ायदा नं० ३ .... १६४
क़ायदा नं० ४ .... १६७
क़ायदा नं० ५ .... १६६
परणें एक ताल १७१
१३-रूपक ताल (अल्प परिचय) १७४
प्रकार १७४
गतें १७५
रेले १७७

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

क़ायदा नं० १ .... १७८

क़ायदा नं० २ .... १८०

क़ायदा नं० ३ .... २८२

क़ायदा नं० ४ .... १८३

१४–दादरा ताल (अल्प परिचय) १८६

प्रकार १८६

पेशकार १८७

लग्गी और लड़ी १९०

क़ायदा नं० १ .... १९३

क़ायदा नं० २ .... १९४

१५–ताल चाचर अथवा दीपचन्दी (अल्प परिचय) १९६

प्रकार १९६

क़ायदा नं० १ .... १९८

क़ायदा नं० २ .... २००

क़ायदा रेला नं० ३ .... २०२

क़ायदा नं० ४ .... २०५

तिहाई २०६

लग्गी और लड़ी २०७

१६–तबले पर कहरवा (अल्प परिचय) २०८

प्रकार तथा लग्गियाँ २०८

तिहाइयां २११

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१७--फ़रोदस्त ताल (अल्प परिचय) ... २१२
पेशकार २१३
क़ायदा नं० १ .... २१५
गतें २१७
१८--झूमरा ताल (अल्प परिचय) २१९
साथ २२०
क़ायदा रेला नं० १ .... २२१
क़ायदा नं० २ .... २२३
१९--चार ताल (अल्प परिचय) २२६
साथ २२७
मौहरा रेला २२९
परणें २३१
२०--धम्मार ताल (अल्प परिचय) २३५
साथ २३७
मुखड़ा २३८
रेला २३९
परणें २४०
तिहाई २४३
२१--शूल ताल (अल्प परिचय) २४४
मुखड़ा गतें २४५
रेला २४७
Dr. Urmila Sharma Collection, Varahasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

परणें २४८
आड़ी व चौगुनी २५०
२२–ताल तेवरा (अल्प परिचय) २५२
परणें २५३
२३–ताल पंजाबी (अल्प परिचय) २५८
मुखड़ा २६०
प्रत्येक मात्रा से फ़रमायशी टुकड़े २६३
प्रत्येक मात्रा से फरमायशी मुहरे
अथवा तिहाई २६७
२४–झम्पा ताल (अल्प परिचय) २७३
साथ २७३
रेला मुखड़ा २७५
२५–मात्रा ६ २७७
पेशकार २७७
साथ २७८
मुखड़ा २७६
रेला २८०
परणें २८०
२६–मात्रा ११ २८२
साथ, रेला २८२

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गतें	२८३
मुखड़ा, परण	२८५
२७मात्रा– १३ (सरस्वती वन्दना)	२८७
रेला, तिहाई	२८७
परण	२८८
२८–मात्रा १५	२९०
साथ	२९०
पेशकार	२९१
गतें	२९२
रेला	२९३
मुखड़ा	२९४
परणें	२९५
परण चक्करदार	२९९
क़ायदा	३००
२९–मात्रा १७	३०१
साथ	३०१
गतें	३०२
तिहाइयाँ	३०३
परणें	३०४
३०–मात्रा १८	३०५
साथ	३०५

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मुखड़ा-रेला ३०६
परण ३०७
३१-मात्रा १९ ३०८
साथ टुकड़ा ३०८
गत परण ३०९
३२-मात्रा २१ ३१२
साथ मुखड़ा ३१२
परण ३१३
३३-प्राचीन ग्रन्थों के आधार पर
१२५ अप्रचलित तालों के ठेके .... ३१५से३५२
Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भूमिका

संगीत में ताल के महत्व के सम्बन्ध में दो राय नहीं हो सकतीं। संगीत ही क्या समस्त सृष्टि क्रम में एक अपूर्व ताल व्यवस्था अर्थात् काल की नियमितता दृष्टिगोचर होती है। सूर्योदय, सूर्यास्त, मास, ऋतु, वर्ष सभी के आवर्त्तन आश्चर्य-जनक रूप से सुनियमित हैं। विभिन्न ग्रहों के अपनी परिधि पर या दूसरे ग्रह के चारों ओर घूमने के काल में किंचित मात्र भी अन्तर महाप्रलय का कारण बन सकता है। सृष्टि के आरम्भ से ही संगीत के साथ ताल की परम्परा किसी न किसी रूप में अव्याहत चली आ रही है कहा जाता है कि शङ्कर जी का डमरू ही सर्व प्रथम ताल वाद्य है। रामायण आदि प्राचीन ग्रन्थों में भी विभिन्न ताल वाद्यों का उल्लेख पाया जाता है। प्राचीन काल में मृदंग (पखावज) को ताल वाद्यों में विशिष्ट गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त था। जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है उस समय यह वाद्य मिट्टी का बना हुआ होता था। कालांतर में यही वाद्य मिट्टी के स्थान पर लकड़ी का बनाया जाने लगा। जिस प्रकार ध्रुपद–धमार से ख्याल गायकी का विकास हुआ उसी प्रकार मृदंग से ही तबला वाद्य का जन्म हुआ। मृदंग के ही दो भाग करने पर डग्गा (बायां)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तथा तबला (दायां) ये दो अलग-अलग हो गए। ध्रुपद्धमार की अपेक्षा कम गंभीर किंतु अधिक वैचित्र्य पूर्ण होने के कारण जिस प्रकार ख्याल गायकी अधिक लोकप्रियता प्राप्त करती चली गई उसी प्रकार इस गायकी के अनुकूल तालवाद्य अर्थात् तबला भी अधिक प्रचलित होता गया। आज कल तो बीन के अतिरिक्त प्रायः सभी वाद्यों के साथ भी तबला ही बजता है। तथापि ध्रुपद,धमार और उसके अनुकूल वाद्य मृदंग को आज भी विशेष गौरव पूर्ण स्थान प्राप्त है। ध्रुपद,धमार के यथोचित अध्ययन के बिना ख्यालिया तथा मृदंग के बाज के ज्ञान के बिना तबलिया पूर्ण नहीं माना जाता। मृदंग और तबले के अतिरिक्त मादल, खोल, ढोल, ढोलक, खंजरी, तांशा,नगाड़ा आदि अनेक ताल वाद्य हमारे देश में प्रचलित हैं जो शास्त्रीय संगीत तथा लोक गीतों की विभिन्न शैलियों अथवा विभिन्न वाद्यों के साथ बजाए जाने के लिए विशेष रूप से अनुकूल हैं। तथापि शास्त्रीय संगीत (गायन, वादन और नृत्य) में प्रायः मृदंग और तबला ही विशेष रूप से प्रयुक्त होते हैं।

ताल शास्त्र का हमारे संगीत में जितनी सूक्ष्मता तक विकास हुआ है वह अत्यंत विस्मयजनक है। कम से कम और अधिक से अधिक मात्राओं के ताल हमारे यहाँ हैं। समान मात्राओं वाले ताल भी, विभाग,बोल और शैली के अन्तर से अलग अलग नाम वाले अनेक हैं। एक ही ताल जब अलग शैली और अलग वाद्य पर बजता है तब उसके बोल अलग २ होते हैं। लय और लयकारी के भी जितने सूक्ष्मतम भेदों का हमारे यहां विकास हुआ है उसकी तुलना अन्यत्र मिलना सम्भव नहीं। समस्या एक मात्र यही है कि इस शास्त्र के पंडित अपनी विद्या शिष्यों क्या अपनी सन्तान तक को देने में भी संकोच करते हैं। विद्याधन ही एक

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ऐसा धन है जो देने से ही बढ़ता है इस तत्व से कदाचित उनमें से अधिकांश सहमत नहीं हैं। सङ्गीत के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों से अनेक उपयोगी ग्रन्थ लिखे गए हैं। तथापि ताल विषयक उच्च कोटि के ग्रन्थों की न्यूनता को बहुत समय से अनुभव किया जा रहा था, इस विषय की जो पुस्तकें उपलब्ध भी हैं उनमें से अधिकांश,एकांगी हैं केवल क्रियात्मक भाग पर ही उनमें अधिक बल दिया गया है। कुछ थोड़ी सी शास्त्र सम्बन्धी हैं तो उनमें क्रियात्मक भाग बहुत कम है। वास्तव में प्रत्यक्ष गुरू से सीखे बिना इस विद्या का यथोचित ज्ञान होना सम्भव नहीं। तथापि एक बहुत बड़ी हद तक ठीक ढङ्ग की पुस्तकें भी सहायक हो सकती हैं विशेष कर थोड़ा-बहुत पहले से सीखे हुये विद्यार्थियों के लिए। प्रस्तुत पुस्तक के लेखक पं० सत्यनारायण वशिष्ठ मेरे पुराने परिचित हैं। कुछ समय तक योग्यता पूर्वक आपने तबला शिक्षक का कार्य भी गांधर्व महा विद्यालय नई दिल्ली में किया है। उन जैसे कठोर परिश्रम करने वाले विद्या व्यसनी तथा लगन वाले सज्जन जिस भी काम में हाथ डाल दें उसे पूरा किए बिना नहीं रहते। प्रस्तुत पुस्तक उन्हीं की बरसों की साधना का मधुर फल है। सभी प्रकार के सरल और कठिन, प्रचलित और अप्रचलित छोटे और बड़े तालों का पूर्ण शास्त्रीय वर्णन, बोल तथा विस्तार को इसमें प्रकाशित किया गया है। क्रियात्मक भाग के अतिरिक्त ताल शास्त्र के मौलिक सिद्धान्तों का विपद विवेचन भी इसकी विशेषता है। विभिन्न घरानों के बाज उनकी विशेषताएं तथा इतिहास पर भी समुचित प्रकाश डाला गया है। ताल विषयक कोई भी आवश्यक चीज कुशल लेखक ने अछूती नहीं छोड़ी है। विभिन्न संगीत शिक्षालयों के ताल के उच्चत्तम पाठय क्रम को दृष्टि में रखकर ही इसकी रचना हुई है। ताल शास्त्र सम्बन्धी अनेक प्राचीन और अर्वाचीन ग्रन्थों का

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यथोचित अनुशीलन तथा अनेक विद्वानों के चरणों में बैठ कर विद्या ग्रहण करने के बाद ही उन्होंने इस पुस्तक के लेखन में हाथ डाला। मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं कि वे अपने उद्देश्य में बहुत अधिक अंशों में यशस्वी हुये हैं तथा "ताल मार्त्तण्ड" इस नाम के अनुरूप ही उनकी यह रचना प्रभावशाली बन पड़ी है।

दो शब्द इस पुस्तक की ताल लेखन-पद्धति के विषय में भी। लेखन पद्धति कुछ-कुछ भातखंडे पद्धति के अनुसार है परन्तु एक मात्रा में कितने बोल हैं यह स्पष्ट होने पर भी किस अक्षर की कितनी मात्रा है यह अस्पष्ट है। कदाचित् जटिलता न आने देने के लिए ऐसा किया गया है। पंडित जी का विश्वास है कि पढ़ने में अन्दाज ठीक ही लगाया जाएगा। जो भी हो इसमें संदेह नहीं कि अर्से से अनुभव की जा रही एक बड़ी न्यूनता इस ग्रन्थ द्वारा बहुत कुछ पूर्ण हुई है। मुझे पूर्ण आशा है कि सङ्गीत संसार इसका यथोचित स्वागत करेगा।

मार्गशीर्ष पूर्णिमा
२६. नवम्बर ५५

विनयचन्द्र मौद्गल्य

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri



प्रस्तुत पुस्तक के लेखक तथा प्रकाशक:-

पं० सत्यनारायण वशिष्ठ

(वाद्य सङ्गीत-विशारद)

भू० पू० तबला अध्यापक

गान्धर्व महा विद्यालय नई दिल्ली

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

❀ तबले के अंग ❀

तबला :—

फ़ारसी के तब्ल शब्द से वर्तमान काल में तबले का जन्म हुआ। यह वाद्य आज से लगभग ४०० वर्ष पूर्व पखावज के ही आधार पर बनाया गया था। गायन, नृत्य, सितार, सरोद, बांसुरी और शहनाई इत्यादि सभी वाद्यों के साथ ताल का समय नापने के लिए यह वाद्य बहुत ही उपयोगी सिद्ध हुआ। इसके दो खण्ड हैं। पहिला दांया और दूसरे को बांया कहते हैं। इसका वर्णन नीचे की पंक्तियों में अलग अलग समझाया गया है।

दांया और बांया :—

यह तवले के दो खण्ड होते हैं और सामने पृथ्वी पर रखकर बजाये जाते हैं इसमें जो दांये हाथ से बजया जाता है उसको दांया और बांये हाथ से बजाने वाले को बांया पुकारते हैं। दांया अधिकतर काठ का ही होता है। परन्तु आज के युग में कहीं कहीं पीतल के भी बनते हैं। जिनमें कि बोल्ट कसे होते हैं। और इनके स्वर का उतार चढ़ाव इन बोल्टों द्वारा ही किया जाता है। पंजाब में बांये को धामा भी कहते हैं। और यह धामा काठ का ही होता है। बांये को डुग्गी और डग्गा इत्यादि भी कहने का रिवाज है।

तबले की लकड़ी और बांया :—

अधिकतर तवले नीम आम और शीशम की लकड़ी के ही होते हैं, परन्तु विजैसार, चन्दन तथा बन की लकड़ी का तबला

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विशेष अच्छा रहता है। दांये तबले का काठ भारी होना चाहिए इससे तबले पर थाप मारने से गूँज अच्छी निकलती है। बांया मिट्टी का होता है यह वज़न में हल्का होना चाहिए। पीतल, तांबे के भी बांये ज्यादा भारी अच्छे नहीं होते। वैसे बांये का हलका ही होना अच्छा होता है। परन्तु कुछ उस्तादों द्वारा यह भी देखा गया है कि वह बांये की पैंदी भारी करने के लिये उसकी पैंदी में कुछ वज़नी चीज डाल देते हैं जैसे जस्ता, रांग, शीशा इत्यादि। ऐसा करने से बांये में गुमक और गूँज अच्छी निकलती है। बांये की पैंदी भारी करने से यह लाभ भी होता है कि वह इधर ज्यादा हिल डुल नहीं सकता और बजाने में भी आसानी रहती है।

पुड़ी और स्याही :—

तबले की पुड़ी चमड़े की बनी हुई होती है। इसमें भी दांये की पुड़ी पतले और बांये की मोटे चमड़े की होनी चाहिये। यदि तबले का मुँह बड़ा हो तो स्याही भारी होनी चाहिये ताकि आवाज़ गम्भीर हो जाय यदि मुँह छोटा हो तो तब स्याही हल्की और कम होनी चाहिये जिससे कि तबला ऊँचे स्वर में आसानी से मिल सके। स्याही लोहे की जली हुई राख तथा लेही और सरेस मिलाकर तैयार की जाती है। इसकी घुटाई खूब होनी चाहिए ताकि स्याही का दाना नहीं उखड़े और मज़बूत रहे। यह घुटाई सोना चांदी परखने की कसौटी द्वारा की जाती है।

चांट थाप गज़रा स्याही :—

पुड़ी के चार हिस्से होते हैं पहिला गज़रा जिसमें पुड़ी गुँथी रहती है। दूसरा किनारी के ऊपर वाला चमड़ा इसे चांटी कहते हैं। यह पुड़ी की रक्षा करता रहता है। किनारी के आगे

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वाले हिस्से में थाप लगाई जाती है यह हिस्सा स्याही और किनारी के बीच में होता है। स्याही पुड़ी के बिलकुल मध्य में होती है। यह सब पुड़ी ही के भाग हैं। यहाँ पाठकों को विस्तृत ज्ञान कराने के लिए तबले के और भी भागों का वर्णन किया गया है।

द्वाल गुड़री तथा गट्टे :—

चमड़े की बनी हुई पट्टी या रस्सी को ही द्वाल कहते हैं। यह द्वाल पुड़ी के गज़रे और नीचे की गुड़री में पुवे रहते हैं। और गट्टे इनके बीच में फँसे रहते हैं जिनके कि ऊपर नीचे करने से तबला के स्वर में अन्तर आता है तथा उतार और चढ़ाव में कमी वेशी होती है। गट्टे लकड़ी के बने होते हैं। यह तीन इञ्च लम्बे और एक इञ्च मोटे होते हैं।

पाउडर हथौड़ी और ईंड़री :—

तबला बजाते समय जो हाथों में पसीना आजाता है उसको सुखाने के लिए पाउडर का प्रयोग किया जाता है। यह पाउडर सेलखड़ी का पिसा मैदे के समान चूरा होता है। इसको थोड़ा सा हाथों में और थोड़ा सा पुड़ी पर मलकर बजाने से स्याही और पुड़ी खराब नहीं होती ! हथौड़ी तबला को स्वर में मिलाने के लिए होती है इससे ठोक कर तबले को ठीक करते हैं। ईंडरी तबले (बांये दांये) के नीचे लगाने के लिये होतीं हैं यह मूँज या कपड़े की गोल रिंग जैसी होती है। इस पर तबले के दोनों हिस्से जमकर रखे रहते हैं और बजाने में भी आसानी होती है। तथा तबले के द्वाल पृथ्वी पर नहीं घिसते और बांये के टूटने का डर भी नहीं रहता साथ ही बांये की (आवाज़) गूँज भी बढ़ जाती है।

—:o:—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

❀ तबले के शब्द और उनका निकालना ❀

तबले और बांये के वर्ण :—

तबला बांये में कुल १५ अक्षर होते हैं इनमें से चार बांये में और बाकी ११ दांये पर बजाये जाते हैं। बांये के शब्द क, ग, घ, ध और दांये पर ङ, ट, ड, त, थ, द, न, म, ल, र और त्र यह अक्षर बजाये जाते हैं। यह शब्द इकहरे हैं इन्हीं में मात्रायें लगाकर इनके रूप बदल जाते हैं जैसे, धी, गी, के, की, धे, घे और री इत्यादि। और इसी प्रकार दो अक्षरों को मिला दिया जाय तो उनका रूप धिर, किट, त्रिड़, नग और तिट इत्यादि हो जाता है। तीन को मिलाकर तक्टि, धक्टि, तगिन, नगिन और चार को जोड़ने से तिरकिट, धिरकिट, गदिगिन, धुमकिट इत्यादि बनते हैं। तात्पर्य यह है कि इकहरे शब्दों को तबले पर बजाने के बाद मात्राओं सहित तथा मिले हुए अक्षर बजाने में विशेष अन्तर नहीं रहता है। अब हम आपको तबले बांये पर इन सब इकहरे अक्षरों का निकालना बतलाते हैं।

क :—

यह शब्द बांये तबले पर बांये हाथ की थपकी लगाने से निकलता है। इसी प्रकार दांये हाथ की चारों उँगलियाँ मिलाकर दांये तबले की स्याही पर मारने से भी क निकलता है। ठीक इसी प्रकार से के की और कत् इत्यादि भी निकलते हैं।

ग और घ :—

बांये हाथ की पहली उँगली से बांयें तबले पर स्याही से आगे और चाँटी के पास ग निकलता है। और इसी प्रकार

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दूसरी उँगली से घ निकलता है। ठीक इसी प्रकार से गी, घी, गे, घे भी निकलते हैं।

धा :—

यह शब्द ऐसा है जो दोनों हाथों द्वारा बजाया जाता है। इसको मुख्यत: तीन प्रकार से बजाने का रिवाज है। पहिला-दांये तबले की किनारी पर सीधे हाथ की पहिली उँगली मारने से और साथ में बांये तबले में ग या घ बजाने से धा बनता है। दूसरा—सीधे तबले की किनारी और स्याही के बीच में सीधे हाथ की पहली उँगली मारने से और साथ में बांये तबले पर ग या घ बजाने पर भी धा निकाला जाता है। तीसरा—बांये हाथ को बांये तबले पर किनारी के पास खुला आघात करने और साथ में दांये तबले पर दांये हाथ की चारों उँगलियाँ जोड़ कर थाप लगाने से धा शब्द निकलता है साथ ही इस बात का विशेष ध्यान कि दोनों हाथ दोनों तबलों पर एक साथ ही पड़ें। इस तरह से धा बजाने के यह तीन मुख्य प्रकार हैं।

ना ता और तिन :—

ना—दांये हाथ की पहली उँगली दांये तबले की किनारी पर मारने से यह शब्द निकलता है ता यह भी ठीक इसी प्रकार से निकलता है परन्तु ता निकालने के और भी कई प्रकार हैं। दांये तबले पर सीधे हाथ की चारों उँगलियों को मिलाकर खुली थाप मारने से भी ता निकलता है। तीसरा प्रकार—तबले पर सीधे हाथ की पहिली उँगली चाँटी और स्याही के बीच में आघात करने से ता और तिन यह दोनों शब्द निकलते हैं। तिन् को दो प्रकार से और भी निकाला जाता है। पहिला—दांये तबले पर सीधे हाथ की पहिली उँगली स्याही पर मारकर निकाली गई खुली

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आवाज को तिन कहते हैं। दूसरा—तबले की स्याही पर सीधे हाथ की दूसरी, तीसरी, और चौथी तीनों उँगलियों को मिलाकर स्याही पर मारने से जो बन्द आवाज़ निकलती है उसको तिन् या ती कहते हैं। इसी प्रकार से छोटी ति भी निकाली जाती है।

ट, ड, ड़ :—

ट ड ड़ दांये तबले की स्याही पर सीधे हाथ की दूसरी तीसरी, चौथी उँगलियों को मारने से इन तीनों शब्दों की आवाज़ निकलती है।

थ द और म :—

यह तीनों शब्द दांये तबले पर सीधे हाथ की चारों उँगलियों को मिलाकर स्याही पर खुला आघात करने पर निकलते हैं।

र और ल :—

यह शब्द र, ल सीधे हाथ की पहिली उँगली से दांये तबले की स्याही पर आघात करने से निकलते हैं। दोनों में अन्तर इतना है कि र बजाते समय तबले की आवाज़ बन्द रहती है और ला बजाते समय आवाज़ खोल दी जाती है।

त्र और तृ :—

सीधे तबले पर दाहिने हाथ की दूसरी, तीसरी, और चौथी उँगलियों को मिलाकर स्याही पर मारो और इसके साथ ही पहिली उँगली को भी छुआ दो इस प्रकार निकले हुए शब्द त्र और तृ कहलाते हैं।

यह तबले के इकहरे शब्दों को निकालने की विधियां हैं। अगर इन शब्दों के निकालने का उचित अभ्यास कर लिया जाय तब दो–दो शब्द मिलाकर निकालो तथा तीन–तीन और चार चार मिले हुए शब्दों का भी अभ्यास करो।

—*०*—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

❀ तबले के पारिभाषिक शब्द ❀
और उनका परिचय

ताल वाद्य :—

भारतीय संगीत में ताल के मार्ग को सुगम करने के लिए ही अवनद्ध (खाल वाद्यों) का जन्म हुआ और देश २ की प्रथा तथा वंहा के संगीत के अनुसार ही अलग अलग ताल वाद्य बनें। ताल देंने वाले वाद्य अधिकतर चमड़े द्वारा मढ़े हुए होते हैं जैसे डमरू, ढोल, नक्कारा. ढोलक, तांसा, दुदुंभी, तबला, पखावज़, अंकिका, आलिंग्या, पर्णव, मृदंग, गोपुच्छा कृति, यवाकृति, खोल, हरीतिका. ऊर्ध्वक, दर्दुर और घन इत्यादि। इनमें से कुछ वाद्य आधुलिक और कुछ वाद्य प्राचीन हैं इन सब वाद्यों द्वारा ताल प्रकट की जाती है इसके अतिरिक्त मजीरा, छड़ी, झांझ इत्यादि भी ऐसे वाद्य हैं जिनसे कि ताल प्रकट की जाती है।

ताल: —

संगीत में जो समय व्यतीत होता है उसके नापने वाली क्रिया को ताल कहते हैं। वैसे तो ताल सर्व व्यापक है मगर उसके नाम भिन्न भिन्न हैं। संसार भर के सभी कार्य ताल वद्ध होते हैं। और तभी वह ठीक माने जाते हैं। राग की बढ़त तथा स्वरों का प्रवाह नापने के लिए और स्वर को विश्राम देने लिये ताल ही एक मात्र सहारा है। किसी भी संगीतज्ञ की सत्यता को जांचने के लिये ताल एक मोटा साधन है जिसे कि एक साधारण व्यक्ति भी समझ लेता है। स्वरों की आपस में एकयता तथा भिन्नता दिखाने के लिये भी ताल एक मात्र सहारा

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

है। तत्, वितत, घन और शुषिर, इत्यादि वाद्यों तथा गायन. नृत्य, इन सब में ताल प्राण के समान है। ताल की उत्पत्ति के बारे में बताया जाता है कि शिवजी ने वृत्रासुर को मार कर जब तांडव नृत्य किया था तब पुत्र गणेश द्वारा जमीन को खुदवाकर उस गड्डे के ऊपर चमड़ा मढ़कर ताल की उत्पत्ति की। जिस प्रकार गीत वाद्य और नृत्य तीनों संगीत के अंतर्गत हैं ठीक उसी प्रकार से गीतं वाद्यं तथा नृत्यं यतस्ताले प्रतिष्ठितम् (संगीतरत्नाकरे) एक बार किसी बुजुर्ग संगीतज्ञ से पूछा गया कि 'ताल बड़ी है या स्वर, उन्होंने उत्तर दिया कि स्वर एक पुतला है और ताल उसकी रूह है, अब आप किसी को बड़ा कहलें। ताल के बारे में सभी शास्त्रों तथा विद्वानों के मत द्वारा यही सिद्ध हुआ है कि 'तालः काल क्रिया मानम्' अर्थात् समय के नापने की क्रिया को ही ताल कहते हैं। अभिनव ताल मंजरी के अनुसार ता शब्द शंकर जी और ल शब्द पार्वती द्वारा निर्माण होकर ही ताल की उत्पत्ति हुई। ताल में जिन २ चीजों की आवश्यकता रहती है उनमें सर्व प्रथम स्थान लय का है।

लय :—

ताल का स्थान संगीत में जो माना गया है ठीक उसी प्रकार ताल शास्त्र में लय का महत्व है। लय के ऊपर ही ताल की इमारत तैयार की जाती है। सभी विद्वानों के मत द्वारा यह ज्ञात होता है कि समय के भाग की समान चाल को लय कहते हैं अर्थात् एक से दो मात्रा कहने में जो समय लगता है उसी समान समय को लय कहते हैं कुछ विद्वान समय की गति को लय कहते हैं। लय को मात्रा की परिभाषा से बचाने के लिए हम भी दूसरे मत के पक्ष में हैं। साधारणतः लय तीन प्रकार की होती है। बिलंबित, मध्य, द्रुत इन्हीं को क्रम से ठांह, दुगन और चौगुन भी कहते

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हैं। विलंबित—जो धीरे धीरे चाल में गाई बजाई जाती है। यदि विलंबित लय को दुगुनी लय में गाया बजाया जाय तो उसे मध्य लय कहेंगे। और जो मध्य लय से दुगुन में होती है उसे द्रुतलय कहते हैं। इसके अलावा और भी कई प्रकार की लयकारियाँ होती हैं जिन्हें आगे चलकर समझाया जायगा।

मात्रा:—

गाने बजाने और नाचने में समय को नापने के लिये मात्रा होती है। जिस प्रकार दूध को सेर आधा सेर बाटों द्वारा मापते हैं कपड़े की मापन क्रिया गज़ गिरह द्वारा होती है ठीक इसी तरह संगीत में समय की मापन क्रिया मात्राओं द्वारा की जाती है। कुछ विद्वानों ने एक सैकिंड के समय को ही एक मात्रा माना है, परन्तु मात्रा का स्वरूप इस प्रकार अचल नहीं है, वह तो लय के आधार पर घटता बढ़ता भी रहता है, इस प्रकार मात्रा को लय के अनुकूल ही माना जाता है। विलम्बित लय की मात्रा कम से कम चार सैकिंड व मध्य लय की मात्रा दो सैकिंड और द्रुत लय की मात्रा एक सैकिंड के बराबर होती है। साधारणतः किसी भी स्वस्थ मनुष्य की नाड़ी की गति भी ठीक मध्य लय की एक मात्रा के समान होती है।

ठेका :—

किसी भी ताल की मात्राओं के स्थान पर ताल वाद्यों में बजाने के लिए जो शब्द निश्चित किये जाते हैं उनके समूह को ठेका कहते हैं।

आवृत्ति :—

किसी भी ठेके का एक बार बजाना ही एक आवृत्ति

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कहलाता है। आवृत्ति का दूसरा अर्थ है दोहराना किसी भी ठेका को एक मात्रा से शुरू करके और निश्चित मात्रायें बजाकर पुनः फिर उसी मात्रा पर जब आते हैं तो उसे ठेके की एक आवृत्ति कहते हैं। आवृत्ति का सीधा अर्थ है एक बार।

सम :—

कोई भी ठेका या ताल जहाँ से शुरू होता है तो उस पहिली मात्रा को सम कहते हैं। ठेके में एक निश्चित जगह ऐसी होती है जहां पर कि लय बिना रुके हुए भी विश्राम कर लेती है, और सभी संगीतकार संगीत सागर में बहते हुए भी उस जगह को छूते रहते हैं उसे ही सम कहते हैं।

ताली :—

ठेके में ताल की बनावट के आधार पर निश्चित की हुई मात्राओं पर जो ताली दी जाती है, और ताल का रूप प्रकट किया जाता है उसे ताली कहते हैं संगीतकार (गाने, बजाने नाचने वाले) को इन तालियों द्वारा ही ताल मार्ग दिखाई देता है।

खाली :—

ठेके में किसी जगह ताली लगाने के बजाय हाथ से अलग इशारा कर दिया जाता है उसे खाली कहते हैं अधिकतर खाली दो तालियों के बीच में ही आती है ठेके में सम की तरह खाली का भी महत्व पूर्ण स्थान है।

विभाग:—

तालों की रचना इन विभागों के आधार पर ही की जाती है। विभाग का अर्थ है 'खण्ड' प्रत्येक ताल में जितनी ताली

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

खाली होती हैं दोनों की संख्याओं को जोड़ लो और समझ लो कि इस ताल में इतने खण्ड हैं। जैसे कि तीन ताल में तीन ताली हैं और एक खाली है तो तीन और एक चार हुए, इस प्रकार तीनताल में चार विभाग अथवा खण्ड हुए। विभागों द्वारा ही ताल का स्वरूप बनता है और भिन्न भिन्न तालों की रचना की जाती है।

प्रकार:—

ठेके को तरह तरह से बजाये जाने को ही प्रकार कहते हैं आधुनिक समय में तबला के बोलों में प्रकार को भी महत्व पूर्ण स्थान प्राप्त है।

पेशकार:—

पेशकार का शब्दार्थ है पेश करना—तबला वादक किसी भी ताल को सुनाते समय उसकी भूमिका पेशकार द्वारा ही बांधता है, पेशकार का अर्थ है ठेके के विभागों को क़ायम रखते हुए अपना विद्वता पूर्ण तबला पेश करना। पेशकार में तरह २ की लयकारियां बजाई जाती हैं। इगुन से लेकर दुगुन चौगुन तक के बोल भी बजाये जाते हैं, तबला वादक को जिन २ घरानों का तबला पेश करना होता है उन सभी घरानों की विशेषता वह अपने पेशकार में पहले ही पेश कर देता है। इस प्रकार पेशकार उन बोलों के समूह को कहते हैं जिनमें ठेके का रूप, घराना, बाज, लयकारी, हाथ की सफाई और तैयारी इत्यादि सभी बातें पहले ही पेश हो जायें जिस प्रकार गायकी में अलाप होता है उसी प्रकार तबले में पेशकार को स्थान प्राप्त है।

क़ायदा :—

कुछ निश्चित बोलों को भिन्न भिन्न तरह से क़ायदे में

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विस्तार किया जाता है, इन बोलों के समूह को कायदा कहते हैं। कायदे के बोल चार मात्रा आठ मात्रा तथा सोलह मात्रा तक के होते हैं और इनकी बनावट ठेके के स्वरूप की ही होती है। क़ायदे को इगुन, दुगुन सभी लयों में बजाकर बाद में इसका ठेके के भागों की शुद्धता रखते हुए विस्तार किया जाता है। क़ायदे का अर्थ है ठेके के अनुकूल शुद्ध बोलों का समूह।

रेला :—

रेला और क़ायदा में थोड़ा सा ही अन्तर है। क़ायदा दुगन के बाद चौगुन में बजाया जाता है परन्तु रेला शुरू से ही चौगुन और अठगुन में बजाया जाता है और इसका तरह तरह से विस्तार भी अधिक नहीं होता। रेला के बोल भी ठेके के अनुकूल अङ्ग के आधार पर ही बनाये जाते हैं और इन बोलों में सबसे अधिक विशेषता यह होती है कि यह खूब तेज़ी के साथ द्रुत लय में भी बजाये जा सकते हैं।

रौ :—

रौ भी रेले को ही कहते हैं इसमें फर्क इतना ही है कि रेले के बोल ठेके की एक आवृत्ति तक के भी होते हैं मगर रौ के बोल दो मात्रा या एक मात्रा के होते हैं और इसीलिये रौ के बोल सभी तालों में बजाये जाते हैं। इन बोलों में ठेके का स्वरूप नहीं होता है तैयारी इनकी भी रेले की ही तरह होती है। रौ को बहुत देर तक क़ायम रख कर गत, परन, इत्यादि भी इसमें बजाये जाने का रिवाज है।

पल्टा :—

रेला व क़ायदा इत्यादि के बोल जो तरह तरह से पलट

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पलट कर बजाये जाते हैं उनको ही पल्टा कहते हैं। पल्टा का शब्दार्थ है पलटना। पल्टा के बोलों में भी खाली ताली का पूरा पूरा शास्त्रीय बन्धन होता है। तबला वादक पल्टा द्वारा ही रेला और क़ायदा की विशेषता में चार चांद लगा देता है।

क़ायदा रेला :—

क़ायदा रेला ऐसे बोलों को कहते हैं जिनको कि कुछ विद्वान क़ायदा कहते हैं और कुछ रेला कहते हैं। ऐसे झगड़े तलव बोलों का नाम क़ायदा रेला है। इन बोलों में क़ायदा और रेला दोंनों प्रकार की विशेषता होती है।

क़ायदा पेशकार :—

कुछ पेशकार क़ायदे के बोलों की तरह बने हुए होते हैं। उन्हें क़ायदा पेशकार कहते हैं। इन पेशकारों की बढ़त अन्य पेशकारों की तरह अधिक नहीं होती यह एक सीमित दायरे में होते हैं।

गत :—

जिस प्रकार देहली के बाज में क़ायदा और पेशकार को महत्व है ठीक उसी प्रकार पूरब, बनारस फरुखाबाद, पंजाब इत्यादि बाजों में गतें अधिकतर बजाई जाती हैं। गत ऐसे बोलों के समूह को कहते हैं जिसमें सुन्दरता युक्त लयकारियों और स्पथर खाली भरी के अङ्गों का भी दर्शन होता रहे यह (गत) भी कई प्रकार की होती हैं।

क़ायदा गत:—

क़ायदा गत के बोलों का भिन्न भिन्न तरह से विस्तार

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

होता है और वह ठीक क़ायदे की विशेषता लिये हुए होती है देहली बाज में 'क़ायदा गतों' का अधिक प्रयोग होता है।

चक्राकार गतः–

गत के बोल तीन बार बजकर ही सम पर मिले तो ऐसी गतों को चक्करदार या चक्राकार गत कहते हैं। यह चक्करदार गत तीये सहित और तीये रहित दोनों प्रकार की होती हैं।

त्रिपल्ली गत :–

ठाह, दुगुन, तिगुन, के समिश्रण से जो गतें तैयार की जाती हैं उन्हें त्रिपल्ली गत कहते हैं। त्रिपल्ली गत के तीनों पल्लों के बोल एक प्रकार के भी होते हैं और दो या तीन प्रकार के भी होते हैं कोई बंधन नहीं मगर तीन विभिन्न लयकारी लिए हुए अवश्य होते हैं। ऐसी लयकारी मिश्रित गतों का ही विद्वानों ने त्रिपल्ली गत नाम रख दिया है।

चौपल्ली गत :–

इसके चार पल्ले होते हैं और चारों पल्लों की भिन्न भिन्न चार ही लयकारियां होती हैं बोल चार तरह के भी अलग अलग लयकारियों में होने हैं और एक तरह के भी बोल चार लयों में बजाये जाते हैं। क्रमशः चार लयकारियों में बजाकर सम पर मिलने वाले बोलों के समूह को 'चौपल्ली गत' कहते हैं।

मुखड़ा :–

सम को मिलाने के लिये शुरू में ही जो बोल बजाये जाते हैं उन बोलों के समूह को मुखड़ा कहते हैं। यह ठेके से दुगनी या चौगुनी लय में ही बजाये जाते हैं। तबला वादक लय का

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कितना विद्वान है यह उसके मुखड़ा बजाने पर ही पता चल जाता है। पूरब बाज में मुखड़े अधिकतर बजाये जाते हैं।

मोहरा :-

मोहरा और मुखड़े में थोड़ा सा ही फ़र्क है। मुखड़ा तो याद किया हुआ बोल होता है और मोहरा गायक, वादक तथा नृत्यकार के साथ ही तत्काल बनाकर उसकी सम से मिला देते हैं ऐसे अनिश्चित बोलों को मोहरा कहते हैं। यह खाली से, तीसरी से या अन्य किसी मात्रा से हर जगह से उठकर गायक व वादक के साथ ही साथ सम पर आता है इसमें याद किये हुए बोल नहीं होते हैं। सर्व प्रथम गायक, वादक तथा नृत्यकार की लयकारी का मुँह बांधने वाले बोलों को मोहरा कहते हैं।

टुकड़ा :-

तबला संगत में टुकड़ों का विशेष महत्व है। टुकड़ा सम को मिलाने के लिए शुरू में तथा बीच बीच में तैयारी के साथ बजाया जाता है। यह अधिकतर चार या आठ मात्रा का ही है। इसके अन्त में कुछ विद्वान तिहाई भी लगा देते हैं। और कुछ लोग तैयारी को ही प्रधानता देते हुए सपाट (बिना तिये) बजाते हैं। सम को मिलाने के लिये जो बोल तैयारी से बजाये जाते हैं उन्हें टुकड़ा कहते हैं। गायकी में जिस प्रकार छोटी २ मुरकीयां होती हैं तबले में उसी प्रकार टुकड़ा को महत्व है।

उठान :-

उठान तबला पखावज पर बजने वाला एक विशिष्ट प्रकार का बोल है अधिकतर यह बोल नृत्य आदि की संगत करते समय

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

शुरू में ही बजाया जाता है। इसकी बन्दिश परन के समान ही होती है। पूरब बाज बजाने वाले तबला स्वतन्त्र वादन में भी इस बोल को सर्व प्रथम बजाते हैं। इस बोल में तबला वादक के घराने का पूरा २ पता चला जाता है।

परण :—

परनें पखावज पर अधिकतर बजाई जाती हैं और किसी भी ताल में चार या पांच आवृत्ति के तीया सहित बजाने वाले बोल को परन कहते हैं। परण के बोलों में एक विशेष प्रकार के जवाब सवाल होते हैं। पूरब तथा पंजाब के तबला वादक परणें अधिकतर बजाते हैं। परणें सम से अथवा सम के अलावा किसी भी मात्रा से उठकर बजाई जाती हैं। परन कम से कम तीन आवृत्ति की अवश्य होनी चाहिये।

कमाल परण :—

यह परण साधारण परण से अधिक महत्व की होती है। बनारस घराने के तबला वादकों से ही ऐसी परणें अधिकतर सुनने को मिलती हैं और वैसे भी पूरब बाज का अङ्ग परणों द्वारा ही व्यक्त किया जाता है।

चक्करदार परण :—

कोई भी बोल जो कम से कम चार पाँच आवृत्ति का हो उसे तिहाई सहित पूरा तीन बार बजाकर सम पर मिले ऐसे बोल को चक्राकार या चक्करदार परण कहते हैं।

फ़रमायशी परण :—

जो बोल श्रोतागणों की फ़रमाइश के आधार पर पखावजियों

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

और तबला वादकों द्वारा सुनाये जाते हैं। ऐसे बोलों तथा परणों को फ़रमायशी बोल, परण कहते हैं। इन बोलों तथा परणों का कोई निश्चित रूप नहीं है।

लाल किला :—

हर एक गत, बोल, परण सम से शुरू करने के बाद फिर सम पर आता है और तब श्रोताओं की गर्दन हिल जाती है मगर लाल किला की विशेषता यह है कि अगर गायक का सम गायक से एक बार छूट जाय तब फिर पुनः गायक इस बोल (लाल किला) में यह ज्ञात नहीं कर सकता है कि सम कहाँ है इसीलिये इसे लाल किला कहते हैं लाल किला गतों के बारे में कुछ विद्वानों द्वारा यह भी सुनने में आया है कि मुग़ल काल में किलों के अन्दर अक्सर नक्कारे तथा शहनाई बजती रहा करती थीं तो कुछ विद्वान लोगों ने उस वातावरण को ध्यान में रखते हुए ऐसी परणें व गतें बनाई जिनके कि बजने से किले का सा ही वायु मण्डल प्रतीत हो और इन (गतों व परणों) का नाम लाल किला रक्खा गया।

चार बाग :—

क़ायदे रेले की तरह परन में किसी एक बोल को विशेष महत्व दिया जाता है। और अन्त में तिहाई भी इसी बोल में शामिल करके बजाई जाती है इसे ही चार बाग कहते हैं। चार बाग की गतें भी होती हैं।

चलन :—

तबले की शुरूआत चलन द्वारा की जाती है। चलन का अर्थ है रिवाज, अमुक बोल बजाने का यहाँ यह रिवाज है या चलन

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

है प्रत्येक प्रान्तों में तबला बजाने के चलन अलग अलग ही होते हैं।

घराना :—

किसी भी गुरु द्वारा एक प्रकार के सिखाये गये बाज को ही घराना कहते हैं। अथवा किसी ख़ानदान में कोई विद्या कई पीढ़ियों से चली आई है तो उस खानदान को उस विद्या का ख़ानदान या घराना कहेंगे।

बांट :—

बांट के बोल क़ायदे और पेशकार दोनों ही से मिलते जुलते हुए होते हैं। क़ायदा गत, क़ायदा पेशकार, के बोलों को तरह २ से बजाते हैं बहुत से विद्वान इन्हें ही बांट कहते हैं। हमारी राय से लयकारी द्वारा तरह तरह से बांटने वाले बोलों को बांट कहते हैं।

लग्गी :—

कहरवा, दादरा, पस्तो, रूपक, इत्यादि तालों के प्रकार जो तरह तरह से बजाये जाते हैं उनको ही लग्गी पुकारते हैं। यह लग्गी अधिकतर दो दो भागों में विभाजित की जाती हैं, और इस तरह से एक भाग में सम और दूसरे भाग में खाली का रूप दिखाई देता रहता है। काव्य संगीत, तथा सिनेमा संगीत और भजन, ग़जल, इत्यादि में लग्गियां अधिकतर बजाई हैं।

लड़ी :—

दांयें, बांयें की लंढत जिन बोलों द्वारा सुन्दरता लिये हुए होती है ऐसे बोलों को लड़ी कहते हैं। तबले के प्राचीन ढंग के

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उस्ताद लड़ी को लमछड़ भी कहते हैं लमछड़ के बोलों में कुछ ऐसा चक्कर होता है कि सम निकलने पर फिर पकड़ना दुर्लभ हो जाता है। यह बोल नाधिंधिना की विशेष तैयारी के बाद ही सितार इत्यादि वाद्यों के साथ बजाये जाते हैं।

तिहाई :-

कोई भी ताल में सम, अथवा खाली, से जो बोल तीन बार बज कर सम पर मिलता है उसे तिहाई कहते हैं अथवा तीया कहते हैं। वास्तव में तिहाई सम से सम तक की ही होनी चाहिये। तिहाई के भी कई प्रकार होते हैं एक तिहाई बिना रुके हुए बजती है उसे बेदम कहते हैं और जो तिहाई अपने प्रत्येक चक्कर में कुछ रुक रुक कर बजती है उसे दम दार तिहाई कहते हैं।

नवहक्का :-

किसी भी तिहाई को तीन बार बजाकर सम पर मिलते हैं ऐसी तिहाई को ही नवहक्का कहते हैं। अथवा जिन तिहाई के बोलों में नौ धा आते हैं और नवां धा सम पर आता है ऐसी तिहाई को नवहक्का कहते हैं। पूरब घराने के विद्वानों से नवहक्का अधिकांश सुनने को मिलते हैं।

संगत :-

किसी भी गायक, वादक व नृत्यकार के साथ उसी लयकारी का साथ करना (जिसमें कि वह गा, बजा या नाच रहा हो) और उसके रस को महत्वता देकर चार चाँद लगा देने को ही संगत कहते हैं। संगत को कुछ तबला वादक ग़लत ही समझ बैठे हैं

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

और जिनके फलस्वरूप केवल उनको ही नहीं वरन् समस्त तबला क्षेत्र को हानि का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे लोग संगत करते समय यही बात सोचते रहते हैं कि किसी प्रकार हमारा रंग जमें चाहे गायक, वादक व नृत्यकार का प्रोग्राम भ्रष्ट ही क्यों न होजाय। हमारी राय से किसी के भी साथ संगत करते समय उसी के भावों में डूब कर संगत करनी चाहिए। इसी प्रकार की संगत को संगत कहते हैं।

ठांह–दुगन :—

विलम्बित लय को ही ठांह लय कहते हैं। और ठांह से दूनी रफ्तार में चलने वाली लय को दुगन कहते हैं। दुगन अक्सर ठांह के बाद ही की जाती है। ठांह को बराबर की लय भी कहते हैं।

तिगुन और चौगुन :–

बराबर की लय को ही तीन गुनी करके बजाने को तिगुन कहते हैं। और दुगुन की दुगुनी अथवा बराबर की चौगुनी लय को ही चौगुन कहते हैं।

आड़ और क्वाड़:–

बराबर की लय को ड्योढ़ी करके बजाने को आड़ करना कहते हैं। बहुधा लोग तिगुन को भी आड़ कहते हैं। और आड़ को ही पुनः फिर आड़ कर देने को डबल आड़ या क्वाड़ कहते हैं। सवाई तथा सवा दो गुनी लय को भी क्वाड़ कहते हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बिआड़ व पौनी लय :-

बिआड़—पौने दो गुनी लय को बिआड़ कहते हैं। बिआड़ लयकारी के बोल बराबर और पौनी लय मिले हुये होते हैं। पौनी बराबर की लय से पौनी लय बजाने को तथा आड़ की ठांह (आधी) कर देने को पौनी लय कहते हैं।



Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

❀ ताल के दस खम्भ ❀

श्लोकः—

कालो मार्गः क्रियां गानि ग्रहो जाति कला लयः ।
यति प्रस्तार कश्येति ताल प्राणा दस स्मृताः ॥

अर्थ—काल, मार्ग, क्रिया, अंग, ग्रह, जाति, कला लय, यति, प्रस्तार, यह दस अङ्ग ताल के अन्तर्गत माने गये हैं। और इन्हीं के सहारे ताल जीवित रहता है। विद्वान् लोग इन्हें ताल के प्राण भी कहकर पुकारते हैं अब हम ताल के इन दस प्राणों का अर्थ क्रमशः करेंगे।

काल :-

काल समय को कहते हैं। किसी भी ताल में खण्ड के अनुसार जो समय निश्चित होता है उसे काल कहते हैं। ताल, मात्रा, ठेका, यह सब काल के आधार पर ही होते हैं। प्रत्येक ताल में बराबर बराबर जो समय ताली खाली के आधार पर बँटा रहता है संगीत में इस समय को ही काल कहते हैं।

मार्ग :-

ताल देने के रास्ते को मार्ग कहते हैं यह मार्ग चार प्रकार के होते हैं। ध्रुव मार्ग, चित्रमार्ग वार्तिक मार्ग, दक्षिण मार्ग, आधुनिक काल में इनका प्रचार बहुत कम रह गया है तबले की तालोंमें इनका विशेष स्थान भी नहीं है। प्राचीन पद्धति की गायकी ध्रुपद में इन मार्गों की विशेष आवश्यकता थी।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

क्रिया :—

क्रिया का अर्थ है 'करके दिखाना'! यह दो प्रकार की होती है। हाथ से ताल देकर दिखाने को 'सशब्द' और बिना ताली दिए काल मात्र के इशारे से ताल प्रदर्शित करने को 'निशब्द' क्रिया कहते हैं। शास्त्रों में सशब्द क्रिया के चार प्रकार हैं—ध्रुव, शंपा, ताल और सन्निपात। निशब्द क्रिया के भी चार प्रकार हैं-आवाध, निष्काम, विक्षेप, प्रवेशक। कर्नाटक (दक्षिणी) पद्धति में इनका प्रयोग दूसरे प्रकारों से होता है।

अंग :—

ताल के शास्त्रीय स्वरूप को ही अङ्ग कहते हैं। यह अंग लघु, द्रुत, विराम, गुरु, इत्यादि द्वारा बनाये जाते हैं। साधारणतः लघु का संकेत चार मात्रा और गुरु, का आठ मात्रा, विराम का एक मात्रा और द्रुत का दो मात्रा। जिस प्रकार स्वरों द्वारा अनेक रागों की रचना होती है उसी प्रकार अंगों द्वारा तालों की रचना ताल के चतुर पण्डित करते हैं। 'अंग' ताल का महत्व पूर्ण अंग है।

ग्रह :—

ग्रह चार प्रकार के होते हैं—सम, विषम, अतीत, अनाघात। लय के पूर्ण ज्ञाता ही इनका प्रयोग करते हैं। इनके भी दो प्रकार के मत होते हैं। पहिले मत के अनुसार—सम पर सम लाने को सम ग्रह कहते हैं और सम को छुपा लेने को विषम ग्रह कहते हैं। सम से पूर्व लाने को अतीत ग्रह तथा सम के बाद सम लाने को अनाघात ग्रह कहते हैं। दूसरे मत के अनुसार एक ही मात्रा के चार भाग करके इन चारों भागों पर ग्रहों का प्रयोग बराबर,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

चौथाई, आधी, पौनी छोड़ कर करते हैं। लय का पूर्ण ज्ञान होने पर विद्वान लोग तरह तरह से भी इनका प्रयोग करते हैं। मगर सम का ख्याल बड़ी चतुरता से रखते हैं। क्योंकि ताल का प्राण सम है अगर इन ग्रहों के चक्कर में सम निकल गया तो समझ लो ताल का प्राण निकल गया और ताल का प्राण निकलने पर संगीत मुर्दे के समान है इसलिये इन ग्रहों का प्रयोग योग्यता पर ही निर्भर है।

जाति :—

जाति का अर्थ है क़ौम या वर्ण ! कर्नाटक पद्धति में इस जाति के आधार पर तालों की रचना की जाती है। अपने यहाँ भी जातियाँ पाँच प्रकार की मानी जाती हैं और वह हैं चतस्र, तिस्र, खण्ड मिस्र, संकीर्ण। इन जातियों की मात्रायें अलग अलग होती हैं। जिस प्रकार रागों की जातियां होती हैं, ठीक उसी प्रकार से तालों की भी जातियाँ होती हैं। जिन तालों के खण्ड चार चार मात्रा के होते हैं, उन्हें चतस्र जाति की ताल कहते हैं। और जिन तालों के खण्ड तीन तीन मात्रा के होते हैं उन्हें तिस्र जाति की ताल कहते हैं। पाँच पाँच मात्रा के खंडों की तालों को खंड जाति की ताल कहते हैं। सात सात मात्राओं की तालों को मिस्र जाति तथा नौ नौ मात्रा वाली तालों को संकीर्ण जाति की ताल कहते हैं। इसके अतिरिक्त लय की भी जातियां होती हैं। बराबर की लय, दुगन की लय, चौगुन की लय, अठगुनी लय, सोलह गुनी लय इत्यादि चतस्र जाति की लयें होतीं हैं इसी प्रकार आधी व पाव लय भी चतस्र जाति की लय होती है। पौनी, ड्योढ़ी, तिगुनी, छैगुनी, बारहगुनी यह तिस्र जाति की लयकारियाँ हैं। सवागुनी, ढाईगुनी, पांचगुनी, दस गुनी,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यह लय खंड जाति के अन्तर्गत होती हैं। पौने दुगनी, साढ़े तीन गुनी, सात गुनी, इन्हें मिस्र जाति की लय कहते हैं और सवा दो गुनी, साढ़े चार गुनी, नौ गुनी यह संकीर्ण जाति की लय कहलाती हैं।

कला :—

किसी वाद्य के बजाने के ढंग को कला कहते हैं। जैसे कि बोलों के बजाने का तरीका कि कौनसा बोल किस प्रकार से बजाया जाता है इसके अतिरिक्त वाद्य बजाने के निश्चित आठ आसन भी हमें प्राचीन ग्रंथों में देखने को मिलते हैं। इनके नाम इस प्रकार हैं। ध्रुवका, सर्पिणी, कृष्णा, पद्मिनी, पताका, कंपना, देवसंभवाव, विसर्जिनी तात्पर्य यह है सब गुणों से अलंकृत को ही कला तथा कलाकार कहते हैं।

लय :—

ताल जिसके आधार पर रहता है उसे लय कहते हैं। ठेका, मात्रा इत्यादि में जो समय क्रम से चलता है। इसको भी लय कहते हैं। मुख्यतः लय तीन प्रकार की होतीं हैं। विलम्बित, मध्य, द्रुत, इनके बारे में हम आपको पहिले भी बता चुके हैं।

यति :—

लय दिखाने के तरीके को यति कहते हैं। यह पांच प्रकार की होती है १-समा २ गोपुच्छा ३-मृदंग ४-पीपलिका, ५-स्रोतागता ! आधुनिक समय में इन पर कोई विशेष प्रकाश नहीं है।

प्रस्तार :—

किसी भी ताल के बजाने तथा उसमें बोल, टुकड़े, परन,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तिहाई, पेशकार, क़ायदे, इत्यादि सामिग्री को प्रस्तुत करने के तरीक़े को प्रस्तार कहते हैं। हर एक ताल में बोलों का चुनाव, सजाव, क्रम से विस्तार करने को ही प्रस्तार कहते हैं।

तबला मिलाना :—

भारतीय वाद्यों में वैसे तो सभी वाद्य ऐसे हैं जिनको कि स्वर में मिलाना कठिन है पर खाल वाद्यों में तबला पखावज का मिलाना बहुत ही महत्व पूर्ण है और कठिन भी है।

तबले को मिलाने की प्रथा एक तो पुरानी है और वह इस प्रकार है कि तबला जिस स्वर में मिलाना हो उस 'स्वर' को हारमोनियम, सारंगी इत्यादि किसी भी वाद्य द्वारा ध्यान से सुनें और समझने की कोशिश करें कि तबले का स्वर हारमोनियम या सारंगी के स्वरों से ऊँचा है या नीचा। यदि नीचा है तब यह देखो कि कितना नीचा है अगर दो तीन स्वर नीचा है तो हथौड़ी से गट्टों पर चोट मारो और बाद में बेनी (गजरा) पर हल्की चोट मारकर स्वर में मिलाओ और क्रम से प्रत्येक घर को मिलाते जाओ जब सब घर मिल जायें तब थाप मारकर देखो यदि थाप की आवाज़ दमदार और सुरीली है तब समझ लो कि तबला मिल गया और यदि आवाज़ काँपती या हिलती है बेसुरी है तब फिर हथोड़ी द्वारा प्रत्येक घर को ठीक करो।

आधुनिक काल में इससे भिन्न प्रकार से तबला मिलाने की भी पद्धती है और वह इस प्रकार है—तबले के पहिले घर को स्वर में मिलाओ और बाद में ठीक नवें घर को बजाकर देखो वह भी क़रीब क़रीब ठीक स्वर में ही बोलने लगेगा फ़र्क़ रहे तो उसे भी मिलाकर ठीक करो इसके बाद तेरहवां घर देखो और उसे भी स्वर में मिलाओ और बाद में पाचवें घर को भी इस प्रकार

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मिलाने से पहिला, पाचवां, नवाँ, तेरहवां यह स्वर में मिल जायेंगे और बाकी के घर भी क़रीब क़रीब स्वर में बोलने लगेंगे। यदि फिर भी अन्तर रहे तो उसे भी ठीक करलो। एक बात ध्यान रखने योग्य यह है कि जब स्वर चढ़ाना हो तो हथौड़ी की चोट ऊपर से नीचे को बेनी पर अथवा गट्टे पर मारो। और यदि स्वर उतारना हो तो हथौड़ी की चोट नीचे से ऊपर को बेनी और गट्टे पर मारो। प्रारम्भिक तबले के विद्यार्थियों को यही विधि तबला मिलाने की ठीक है। कभी कभी तबला मिलाते समय ऐसा भी हो जाता है जिसे ड्योढ़ कहते हैं। ड्योढ़ पड़ने से यह प्रतीत नहीं होता कि तबला उतरा है या चढ़ा। ऐसे मौकों पर थोड़ी देर के लिए तबला मिलाना बन्द कर देना चाहिए। और इसके पश्चात् तबले को एक स्वर उतार कर फिर मिलाना चाहिए। तबला मिलाने के लिए स्वर का ज्ञान होना अति आवश्यक है। तबला गायक के स्वर में अथवा पंचम में मिलाया जाता है। कभी कभी गवैये लोग अपनी मर्ज़ी के अनुकूल अपने राग के वादी स्वर में भी मिलवाते हैं। तबले को सदैव एक ही स्वर में मिलाना चाहिए ऐसा करने से तबले की पुड़ी जल्द ख़राब नहीं होती और सुरीली भी बोलती है। बार बार उतारने चढ़ाने से पुड़ी ख़राब होजाती है। और जल्दी फट भी जाती है। तबला दाँया जिस स्वर में मिला है ठीक उसी के खर्ज (नीचे के) स्वर में बांया मिलाने का रिवाज है। कभी २ बांया नीचे के पंचम में भी मिलाया जाता है। तबला बांये को मिलाकर बजाने से ही तबले में रस पैदा होता है। जहाँ तक हो सके तबले के विद्यार्थियों को बिना मिले तबले पर रियाज़ भी नहीं करना चाहिये।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

❀ हस्त साधन और अभ्यास ❀ की विधि

तबला सीखने वाले विद्यार्थियों को सर्व प्रथम हस्त साधन की ओर ध्यान देना चाहिए तबले पर हाथ रखने का तरीका यह है कि सीधे हाथ की चारों उँगली और अँगूठा तबला बजाते समय मिले रहें उनका अलग २ रहना वर्जित है। बजाते समय अँगूठा या तो गजरे पर रहे अथवा गज़रे को छूता रहे। ऐसा न हो कि अगूँठा नीचे को लटकता रहे। इसके अलावा पहिली उँगली किनारी पर ज़ोर से पड़नी चाहिये चांटी हमेशा ज़ोरदार बोलती रहे इसका ख्याल रियाज़ करते समय अवश्य रखना चाहिए। बीच की उँगली सदैव ऊपर को उठी हुई रहनी चाहिए और बाकी पिछली दो उँगली बजाने की क्रिया के साथ २ इधर उधर सिलिप होती रहे। ऐसा करने से सीधे हाथ के तबले की ध्वनि गूँजदार तथा कानों को सुरीली लगने वाली उत्पन्न होगी। इसी प्रकार बांये की पुड़ी पर बाँया हाथ बहुत हल्का रखना चाहिए और पहिली व बीच की दोनों उँगलियों से क्रमानुसार गुमक निकालनी चाहिये। और हथेली दबाकर उसकी गूँज में एक लोच पैदा करना चाहिए। बाँये को कभी गोद में रखकर या घिस्सा लगाकर बजाने की विधि ठीक नहीं होती। ऐसा करने से हाथ का लोच मारा जाता है और केवल घिस्सा ही घिस्सा रह जाता है। तबला बजाते समय या तो पालती मारकर बैठे या दोनों घुटने उल्टे पृथ्वी पर टेक कर वीरासन से बैठना चाहिए। कुछ मनुष्य तबला बजाते समय मीरासियों के से पोज़ बनाते हैं। वर्तमान

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

युग के लिए यह सब ठीक नहीं। प्रत्येक तबला वादक को तबला सोलो अथवा संगत करते समय अपना ध्यान तबले की ओर ही रखना चाहिए।

इन सब बातों के पश्चात् हर एक तबला बजाने वाले को अभ्यास करते समय तबले के बोलों का विशेष ध्यान रखना चाहिये और उनकी सफ़ाई करनी चाहिए हर कला को सीखने से पहिले उसमें अधिक सेअधिक रुचि की आवश्यकता है। इसके पश्चात् सीखने वालों को समय की भी पाबन्दी रखना अति अनिवार्य है। तबले के शौक़ीन बजाने वालों को कम से कम दो घंटा और पेशेवरों को कम से कम चार घन्टा दैनिक अभ्यास अति आवश्यक है। रियाज़ करने के बाद कुछ पौष्टिक पदार्थों का सेवन लाभकारी है। अभ्यास करते समय प्रत्येक बोल की लय विलम्बित होनी चाहिए। ताकि बोल में सफाई पैदा हो जाय बाद में लय को धीरे धीरे बढ़ानी चाहिये ऐसा करने से हाथ में सफाई और तैयारी दोनों ही पैदा हो जाती हैं।

क़ायदे, पेशकारों का अभ्यास करते समय उनके प्रकारों को भी बदल बदल कर अभ्यास करे ताकि तबला सुनाते समय हाथ में रुकावट पैदा न हो। तबला बजाते समय शरीर को ज्यादा हिलाना नहीं चाहिए। यह सब दोष तबला सीखने के साथ शुरू में ही दूर कर देने चाहिए। बजाते समय मुद्रा का प्रसन्न होना भी ज़रूरी है। और कठिन से कठिन लय और बोल बजाने पर भी शक्ल नहीं बिगाड़नी चाहिए तबला सीखने और बजाने वालों के लिए यह सब बातें ज़रूरी हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

❀ शब्दों की रचना ❀

जिस प्रकार गाने का रियाज़ करने के लिए अलंकारों का अभ्यास करना पड़ता है। ठीक उसी प्रकार से तबले का अभ्यास करने के लिए भी कुछ शब्द होते हैं। यह शब्द अक्षरों को जोड़कर बनाये जाते हैं। इनमें कुछ शब्द दो दो अक्षरों के होते हैं जैसे धिन, धग, नग, कत, किट, तक, तग, तिट, किट, घिन, धिट, धिन, गद, गिन, तिर किड़, इत्यादि। कुछ शब्द तीन तीन अक्षरों के होते हैं जैसे धगिन, धकिट, कतिट, नगिन, कतक, तिनक, धिनग, कतिन, गेनाना, घेतक, नगिन, धागेगे, तागेगे, ताकिट, धाकिड़ इत्यादि। कुछ शब्द चार अक्षरों द्वारा बनाये जाते हैं। घिड़नग, तिरकिट, धिरकिट, गदगिन, किड़नग, दिङनग, धुमकिट, धिरधिर इत्यादि। ठीक इसी प्रकार से पाँच पाँच व छै छै सात सात आठ आठ अक्षरों द्वारा भी शब्द बनाये जाते हैं। और इन शब्दों द्वारा ही बोल, टुकड़े, क़ायदे, परन, पेशकार, रेला, गत इत्यादि की रचना की जाती है। तबला के विद्यार्थियों को पहिले इन शब्दों के बनाने व बजाने का अभ्यास करना चाहिये और बाद में इन्हीं शब्दों द्वारा ताल के स्वरूप को ध्यान में रखते हुए तबला, पखावज के बोलों की रचना करनी चाहिए।

